# म0प्र0 भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय

राजा भोज मार्ग (कोलार रोड), भोपाल

क्रमांकः /भण्डार/2020

भोपाल, दिनांकः / /2020

## मालवाहक (ट्रॉसपोर्ट) सेवाओं के लिए खुली–निविदा–वर्ष 2020

म0प्र0 भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय के कार्यालयीन कार्य के उपयोग में मालवाहक (ट्रॉसपोर्ट) सेवाओं के लिए ट्रॉसपोर्टरों / फर्मो से खुली–निविदा वर्ष – 2020 आमंत्रित की जाती है।

निविदा प्रपत्र का मूल्य रूपये 1,000/– (एक हजार रूपये) तथा निविदा की प्रतिभूति राशि (EMD) राशि रू 10,000/– (दस हजार रुपये) हैं, जिसे डीडी **"कुलसचिव, मध्यप्रदेश भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय, भोपाल"** के पक्ष तैयार कर जमा कराना होगा ।

निविदा का अनुमानित मूल्य रू0 4,00,000/– (चार लाख रुपये) हैं।

निविदा प्रपत्र, शर्ते, प्रारूप एवं विस्तृत जानकारी हेतु विश्वविद्यालय की वेबसाईट www.bhojvirtualuniversity.com पर अवलोकनार्थ उपलब्ध हैं। निविदा में किसी प्रकार का संशोधन होने की स्थिति में संशोधन की जानकारी वेबसाईट www.bhojvirtualuniversity.com पर दी जाएगी।

निविदा जमा एवं खोलने सम्बन्धी विवरण निम्नानुसार हैः–

| स0क्र0 | विवरण | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|
| 01 | निविदा फार्म डाउनलोड/क्रय करने की प्रारंभ तिथि | 17-06-2020 | 10:00 बजे से |
| 02 | प्री–बिड मीटिंग | 26-06-2020 | 12:00 बजे से |
| 03 | निविदा फार्म जमा प्रस्तुत करने की प्रारंभ तिथि | 30-06-2020 | 12:00 बजे से |
| 04 | निविदा फार्म डाउनलोड/क्रय करने की अंतिम तिथि | 14-07-2020 | 14:30 बजे तक |
| 05 | निविदा फार्म जमा करने की अंतिम तिथि | 14-07-2020 | 17:30 बजे तक |
| 06 | निविदा खोलने की तिथि | 17-07-2020 | 15:00 बजे |

निविदा प्रपत्र, शर्ते, प्रारूप एवं विस्तृत जानकारी हेतु विश्वविद्यालय की वेबसाईट www.bhojvirtualuniversity.com पर भी अवलोकनार्थ उपलब्ध हैं।

कुलसचिव

कुलसचिव
म.प्र. भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय
भोपाल



Scanned by CamScanner

# म0प्र0 भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय

## मालवाहक (ट्रॉसपोर्ट) सेवाओं के लिए खुली–निविदा–वर्ष 2020

**भाग – 1**
**निविदा आवेदन एवं प्रक्रिया संबंधी जानकारी**

1.1 सभी निविदाकारों से अनुरोध है कि वे निविदा प्रपत्र भरने/ प्रस्तुत करने के पूर्व निविदा से संबंधित समस्त अर्हतायें, अन्य शर्ते एवं कार्य से संबंधित प्रक्रिया के बारे में दिये गये विवरणों को सावधानी पूर्वक पढ़ ले। निविदा के संबंध में किसी शका समाधान एवं स्पष्टीकरण के लिए कार्यालयीन समय में विश्वविद्यालय के कुलसचिव से जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

1.2 **कार्य का परिचय** :–म0प्र0 भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय, भोपाल का मुख्यालय परिसर राजा भोज मार्ग (कोलार रोड), भोपाल पर स्थित है। परिसर में प्रशासनिक भवन, ईएमपीआरसी, कुलपति निवास, कुलसचिव निवास, अतिथि गृह, अधिकारी एवं कर्मचारी निवास आदि है। विवि का कार्यक्षेत्र संपूर्ण मध्यप्रदेश है। विवि के 10 क्षेत्रीय कार्यालय भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर, रीवा, सतना, सागर, उज्जैन, छिंदवाड़ा, होशंगाबाद एवं 01 उपक्षेत्रीय केंद्र बड़वानी में संचालित है । इन क्षेत्रीय केंद्रों के अंतर्गत् म0प्र0 कें महाविद्यालयों (दूरस्थ अंचलों) में विश्वविद्यालय के अध्ययन केंद्र संचालित है। अतः विश्वविद्यालय के कार्यो के सुचारू संचालन में मालवाहक (ट्रॉसपोर्ट) सेवाओं के लिए खुली–निविदा आमंत्रित की जा रही हैं।

1.3 निविदा प्रपत्र www.bhojvirtualuniversity.com से डाउनलोड करे। निविदा शर्ते, प्रारूप एवं विस्तृत जानकारी हेतु म0प्र0 भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय की वेब साइट पर उपलब्ध हैं।

1.4 म0प्र0 भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय के कार्यालय के उपयोग के लिए स्थानीय एवं मुख्यालय से बाहर प्रति किलोमीटर की दरों पर मालवाहक (ट्रॉसपोर्ट) सेवाओं के लिए ट्रॉसपोर्टरों/ फर्मो से निविदायें आमंत्रित की जा रही है।

1.5 निविदा को **ऑफलाईन दो लिफाफा पद्धति** से प्रस्तुत किया जाना हैं। निविदाओं में किसी प्रकार का संशोधन होने की स्थिति में संशोधन की जानकारी वेब–साईट पर दी जावेगी। निविदा का अनुमानित मूल्य रू0 4,00,000/– (चार लाख रुपये) हैं।

1.6 निविदा जमा एवं खोलने सम्बन्धी विवरण निम्नानुसार है:–

| स0क्र0 | विवरण | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|
| 01 | निविदा फार्म डाउनलोंड/क्रय करने की प्रारंभ तिथि | | 10:00 बजे से |
| 02 | प्री–बिड मीटिंग | | 12:00 बजे से |
| 03 | निविदा फार्म जमा प्रस्तुत करने की प्रारंभ तिथि | | 12:00 बजे से |
| 04 | निविदा फार्म डाउनलोड/क्रय करने की अंतिम तिथि | | 14:30 बजे तक |
| 05 | निविदा फार्म जमा करने की अंतिम तिथि | | 17:30 बजे तक |
| 06 | निविदा खोलने की तिथि | | 15:00 बजे |

1.7 यदि निविदा खुलने की तिथि पर अपरिहार्य कारणों से निविदा खोली नहीं जा सकी तो उसे अगले कार्यदिवस पर दोपहर 3:00 बजे खोली जावेगी। इसकी पृथक से सूचना देना आवश्यक नही हैं।

कुलसचिव
म.प्र. भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय
भोपाल



Scanned by CamScanner

1.8 <u>प्रक्रिया–1</u>: निविदा प्रपत्र का मूल्य रूपये 1000/–(एक हजार रुपये) होगी। निविदा की प्रतिभूति राशि (EMD) राशि रूपये 10,000/– (दस हजार रुपये) होगी। निविदा राशि, डीडी **"कुलसचिव, मध्यप्रदेश भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय, भोपाल के पक्ष में"** जमा किया जाना होगा। प्रपत्र मूल्य एवं प्रतिभूति राशि दोनो प्रकार के डीडी को निविदा के साथ जमा करने के लिए संलग्न किया जाना होगा। उक्तानुसार निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं निविदा की प्रतिभूति राशि (EMD) का डीडी प्राप्त होने पर ही फर्म को अगली प्रक्रिया–2 के लिए योग्य (eligible) माना जायेगा।

1.9 <u>प्रक्रिया–2</u> : प्रक्रिया 1 में योग्य पायी जाने वाली फर्मों की ही तकनीकी निविदा खोली जावेगी। तकनीकी निविदा के भाग–2 में दर्शित दस्तावेज फर्म की सील एवं हस्ताक्षरित कर जमा किए जाने होगे। इस हेतु एक ए–4 सीलबंद लिफाफे में समस्त प्रारूप एवं संबंधित जानकारी रखी जानी होगी।

1.10 <u>प्रक्रिया–3</u> : प्रक्रिया 2 में योग्य पायी जाने वाली फर्मों की ही वित्तीय निविदा खोली जावेगी। वित्तीय निविदा को **प्रपत्र – 6** में भरकर सील बंद लिफाफे मे जमा किया जाना अनिवार्य होगा।

## निविदा जमा करने की पद्धति –

निविदा प्रपत्र मूल्य की राशि का डीडी, भोज विवि की भंडार शाखा (कक्ष कमांक–36) में जमा कर निविदा प्रपत्र एवं 3 खाली लिफाफे प्राप्त किए जा सकेगें । विवि वेबसाईट से भी निविदा प्रपत्र डाउनलोड कर निविदा प्रकिया में भाग लिया जा सकता है।

एक बडा (ए–3 साईज) लिफाफा **शीर्षक–मालवाहक (ट्रॉसपोर्ट) सेवाओं के लिए खुली–निविदा–2020** में निम्न प्रकार के दो लिफाफे कमशः 1 एवं 2 में निविदा प्रपत्र एवं अभिलेख रखकर सीलबंद करें ।

1 **शीर्षक –तकनीकी निविदा का सीलबंद लिफाफा कमांक – 1**
इस लिफाफे में निविदा से संबंधित तकनीकी निविदा एवं अन्य अभिलेख, निर्धारित प्रारूप में भरकर रखे जाए। ***वित्तीय निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी इस लिफाफे में न रखी जाए।***
लिफाफे पर **"तकनीकी निविदा का सीलबंद लिफाफा कमांक – 1"** शीर्षक अवश्य लिखें।

2 **शीर्षक –वित्तीय निविदा का सीलबंद लिफाफा कमांक – 2**
इस लिफाफे में प्रपत्र – 6 वित्तीय दरों की तालिका हस्ताक्षरित हो, उसपर फर्म की सील लगी होना आवश्यक है। ***तकनीकी निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी इस लिफाफे में न रखी जाए।*** लिफाफे पर **"वित्तीय निविदा का सीलबंद लिफाफा कमांक – 2"** शीर्षक अवश्य लिखें।

***विशेष :– समस्त लिफाफो को सीलबंद किया जाना अनिवार्य है । ये लिफाफे मूल्यांकन के समय उपस्थित प्रतिनिधियों एवं समिति सदस्य के समक्ष खोले जाऐगें ।***

कुलसचिव
म.प्र. भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय
भोपाल



Scanned by CamScanner

## भाग – 2
## तकनीकी निविदा की अर्हकारी शर्ते

2.1 **अनुभवः–** ऐजेंसी/ फर्म द्वारा पिछले तीन वित्तीय वर्षो में शास0/ अर्ध शास0 संस्थाओं में वाहन सेवायें देने का अनुभव हो। अनुभव की गणना के लिए एक वर्ष में एक से अधिक संस्थाओं के कार्य आदेश मान्य होगें। संबंधित संस्था के कार्य आदेश/ प्रमाणपत्र की छायाप्रतियॉ प्रमाण स्वरूप प्रदाय की जाय।

2.2 **टर्न ओवर :–** निविदाकार का विगत तीन वर्षो में औसत वार्षिक टर्न ओवर रू0 15 लाख से अधिक होना चाहिए। पिछले तीन वित्तीय वर्षो का टर्न ओवर की चार्टेड एकाउंटेंट से प्रमाणित प्रतिलिपि **प्रारूप–4** अनुसार संलग्न करना अनिवार्य होगा।

2.3 **बेलेन्सशीटः–** पिछले तीन वित्तीय वर्षो की चार्टर्ड एकाउंटेंट द्वारा विधिवत रूप से प्रमाणित बेलेन्सशीट/ अंकेक्षित अंतिम लेखे संलग्न करना अनिवार्य होगा।

2.4 **इनकम टैक्सः–** विगत तीन वित्तीय असेसमेंट वर्ष का इनकम टैक्स प्रमाण पत्र की प्रति से प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

2.5 **शपथपत्र पर घोषणाऐंः–** निविदाकार फर्म को **प्रारूप – 3** अनुसार निम्न घोषणाऐं 100/– के स्टाम्प पर शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है –

- ✓ यह कि एजेंसी/ फर्म को किसी भी शासकीय संस्था/ उपक्रम से कभी भी ब्लैक लिस्टेड नहीं किया गया हैं।
- ✓ यह कि एजेंसी/ फर्म पर संबंधी कोई कानूनी विवाद न्यायालय में लम्बित नहीं हैं। सभी वाहन व्यवसायिक कोटे से पंजीकृत है एवं वाहनों के विरूद्ध किसी भी प्रकार की पुलिस अथवा अन्य प्रकरण की जॉच नही होनी चाहिए।
- ✓ यह कि फर्म पर किसी शासकीय संस्था/उपक्रम की देनदारी शेष नहीं हैं।
- ✓ यह कि निविदा में प्रस्तुत अथवा शपथ पत्र में पाई गई जानकारी असत्य पाये जाने पर मेरी निविदा को निरस्त करने का अधिकार म0प्र0 भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय, भोपाल को होगा।

2.6 निविदाकार फर्म से संबंधित निम्न अभिलेख संलग्न करें –
2.61 संस्था/फर्म/कम्पनी का इस कार्य का वैध रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र की छाया प्रति ।
2.62 आयकर विभाग द्वारा जारी पेन/टेन (PAN/TAN) की छाया प्रति ।
2.63 जीएसटी (GST) पंजीयन की छाया प्रति ।
2.64 पिछले तीन जीएसटी रिटर्न की छाया प्रतियॉ ।

2.7 **प्रत्येक पृष्ठ :–** निविदा प्रपत्र, संबंधित अभिलेखों एवं प्रपत्रों के प्रत्येक पृष्ठ पर निविदाकर्ता द्वारा फर्म की मुद्रा (सील) लगाकर हस्ताक्षर करें। **किसी भी प्रपत्र पर फर्म की मुद्रा (सील) एवं हस्ताक्षर न होने पर उसे मान्य नही किया जावेगा** (Other than System Generated Computerised Reports) |

2.8 **निर्धारित प्रपत्रः–** निविदा निर्धारित प्रपत्र पर ही मान्य होगी। एक बार निविदा प्रपत्र कय करने के उपरांत निविदा की मूल्य राशि वापसी योग्य नहीं होगी।

2.9 ऐजेंसी/ फर्म के पास स्वयं के अथवा अनुबंधित कम से कम 05 वाहन व्यवसायिक वाहन के रूप से पंजीकृत (207, 14 फीट, 19 फीट, 24 फीट आदि) आवश्यक रूप से होना चाहिए, एवं उससे भी अधिक वाहन है तो विवरण तथा पूर्ण दस्तावेज तथा जानकारी **प्रपत्र – 5** अनुसार प्रस्तुत करे। ट्रेवल्स ऐजेंसी/ फर्म को वाहनों के स्वामित्व/अनुबंध का प्रमाण निविदा के साथ प्रपत्र – 5 के साथ प्रस्तुत करना होगा।

2.10 सभी वाहन व्यवसायिक कोटे से पंजीकृत होना अनिवार्य है। एजेंसी द्वारा उपलब्ध कराए गए वाहनों के विरूद्ध किसी भी प्रकार की पुलिस अथवा अन्य प्रकरण की जॉच नही होनी चाहिए।

कुलसचिव
म.प्र. भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय
भोपाल



Scanned by CamScanner

## भाग – 3
## निविदा की अन्य शर्तें

3.1 सफल निविदाकार को निविदा स्वीकृति की लिखित सूचना विवि द्वारा दी जाएगी। ऐसी सूचना के एक सप्ताह के अंदर निविदाकार को रू0 एक हजार के नॉन–ज्यूडीशियल स्टांप पेपर पर एक अनुबंध करना होगा। निर्धारित अवधि में अनुबंध निष्पादित न करने पर निविदा की प्रतिभूति राशि (EMD) जब्त कर ली जा सकेगी।

3.2 अनुबंध की शर्तो के उल्लंघन पर निविदा की प्रतिभूति राशि (EMD) को जब्त किया जा सकेगा ।

3.3 सफल निविदाकार से प्रथमतः एक वर्ष के लिए अनुबंध किया जाएगा।

3.4 विश्वविद्यालय सफल निविदाकार की कार्य क्षमता एवं संतोषजनक सेवा को देखते हुए, अनुबंध की अवधि को आपसी सहमति से अनुबंधित दर पर 1 वर्ष तक के लिए बढाया भी जा सकता है। सेवा में वृद्धि हेतु अनुबंधित दर में कोई वृद्धि मान्य नही होगी।

3.5 दोनों पक्षों में से यदि कोई भी पक्ष निविदा समाप्त करना चाहता है तो उसे न्यूनतम 03 माह पूर्व लिखित सूचना देना आवश्यक हैं।

3.6 कार्यसन्तोषजनक न होने या ऐजेंसी/ फर्म द्वारा अनुबंध/ निविदा शर्तो का पालन नही करने की स्थिति में ऐजेंसी/ फर्म का कार्य आदेश म0प्र0 भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय, भोपाल द्वारा किसी भी समय बिना किसी पूर्व सूचना के निरस्त किया जा सकता है एवं निविदा की प्रतिभूति राशि (EMD) राशि जब्त की जावेगी।

3.7 त्रुटिपूर्ण सामग्री प्रदाय या विलम्ब से सामग्री प्रदाय करने पर निम्नानुसार दंड अधिरोपित किया जा सकेगा:–

(क) **त्रुटि** :–निविदा में दी गई शर्तो के अनुरूप वाहन सेवा प्रदाय न करने पर देयक से 10 प्रतिशत कटौती की जाएगी।

(ख) **विलंब** :–विलंब से वाहन प्रदाय करने पर प्रस्तुत देयक की कुल राशि का 0.5 प्रतिशत प्रति सप्ताह रहेगा। ( दण्ड अधिरोपित करने का निर्णय कुलपतिजी के विवेकाधीन होगा। )

3.8 निविदाकार को वित्तीय निविदा **प्रपत्र –6** में प्रस्तुत की जाना है। दरें जीएसटी रहित ( Without GST ) प्रस्तुत की जाना है (GST की दरें अलग से तत्समय मान्य होती हैं)।

3.9 जो निविदा मान्य नहीं होगी उनकी निविदा प्रतिभूति की राशि ( EMD ) नियमानुसार लौटा दी जावेगी।

3.10 स्वीकृत/अस्वीकृत निविदा के साथ जमा की गई निविदा प्रतिभूति की राशि ( EMD ) पर किसी भी प्रकार का ब्याज देय नहीं होगा।

3.11 निविदा पूर्ण या आंशिक रूप से स्वीकृत/अस्वीकृत करने तथा किसी भी स्तर पर बिना कारण बताए निरस्त करने का पूर्ण अधिकार विश्वविद्यालय के पास सुरक्षित रहेगा।

3.12 ऐजेंसी/ फर्म द्वारा प्रस्तुत किए गए देयकों के भुगतान पर नियमानुसार टी0डी0एस0 एवं अन्य करों की कटौती की जावेगी।

3.13 वाहनों के परमिट रजिस्टेशन, बीमा, एवं रोड टेक्स, पी0यू0सी0 प्रमाणपत्र आदि दस्तावेज का अद्यतन (Update) होना अनिवार्य है। इन मामलों में परिवहन नियमों का पालन करना ऐजेंसी की जिम्मेदारी होगी।

3.14 ऐजेंसी के वाहन का बीमा इस प्रकार होना चाहिए, जिसमें वाहनों के बीमे के साथ वाहन में बैठने वाले सभी व्यक्तियों का बीमा भी शामिल हो।

3.15 प्रदाय किए जाने वाले वाहन का माइलोमीटर सदैव चालू स्थिति में होना अनिवार्य होगा।

3.16 ऐजेंसी/ फर्म/ वाहन चालक को वि0वि0 के नियंत्रण में रहकर वि0वि0 द्वारा समय–समय पर दिए गए निर्देशों के अनुसार कार्य करना होगा।



कुलसचिव
म.प्र. भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय
भोपाल

Scanned by CamScanner

3.17 वाहन चालक के पास वैद्य ड्राइविंग लायसेंस होना अनिवार्य होगा और इस मामले में किसी भी प्रकार की कमी/ त्रुटि की जवाबदारी ऐजेंसी/ फर्म की होगी।

3.18 वाहन चालक को वाहन चलाने का पर्याप्त अनुभव होना चाहिए और उनका व्यवहार/ आचरण अच्छा होना चाहिए। वाहन चालक द्वारा दुर्व्यवहार करने पर वाहन ऐजेंसी/ फर्म को **ब्लैक लिस्ट** किया जा सकेगा और इसके कारण वि0वि0 को हुई क्षति की वसूली निविदा की प्रतिभूति राशि (EMD) से की जावेगी। दुर्व्यवहार करने पर फर्म पर रू0 1000/– की दर से दंड अधिरोपित किया जा सकेगा।

3.19 वि0वि0 की सेवाओं के दौरान वाहनों की किसी प्रकार की दुर्घटना या चोरी होने पर उससे संबंधित सेवा आदि की समस्त जवाबदारी ऐजेंसी/ फर्म की होगी। यात्रा के दौरान वाहन खराब होने पर दो घंटे के अंदर दूसरा वाहन उपलब्ध कराना आवश्यक होगा। ऐसा न करने की स्थिति मे स्वयं के व्यय पर वाहन की व्यवस्था करने पर वाहन पर होने वाला समस्त व्यय ऐजेंसी पर भारित होगा।

3.20 ऐजेंसी/ फर्म को टेलिफोन पर (बाद में लिखित आदेश दे दिया जाएगा) या लिखित में वाहन की मॉग किसी भी समय किए जाने पर वाहन मॉगे जाने के अधिकतम 2 घंटे के भीतर उपलब्ध कराना होगा।

3.21 यात्रा के दौरान विश्राम तथा भोजन आदि की व्यवस्था वाहन चालक/ ऐजेंसी/ फर्म को स्वयं के व्यय पर करनी होगी।

3.22 मालवाहक वाहन में सामग्री लोड होने से लेकर बतलाए गए गंतव्य स्थान तक की गई वास्तविक यात्रा (एक तरफ की यात्रा) के किलोमीटर के आधार पर ही भुगतान देय होगा। वापसी यात्रा का देयक स्वीकार्य नही होगा। निविदाकार वित्तीय दरें प्रस्तुत करते समय इसका ध्यान अवश्य रखें।

3.23 वाहन पर लगने वाले समस्त कर ऐजेंसी/ फर्म द्वारा वहन किए जावेंगें।

3.24 ऐजेंसी/ फर्म द्वारा प्रत्येक माह देयक दो प्रतियों में कुलसचिव, म0प्र0 भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय, भोपाल के नाम से प्रस्तुत करना होगा। इस देयक के साथ लॉगबुक/ ड्यूटी स्लिप एवं उपयोगकर्ता का स्पष्ट नाम, पदनाम तथा हस्ताक्षर सहित देयक भुगतान हेतु प्रस्तुत किया जावेगा। GST की प्रचलित दर भुगतान योग्य होगी। देयकों के भुगतान पर नियमानुसार टी0डी0एस0 एवं अन्य करों की कटौती की जावेगी। देयक राशि का भुगतान प्रपत्र–2 में दर्ज बैंक अकाउंट में RTGS/NEFT के माध्यम से किया जावेगा। चेक से भुगतान वर्जित होगा। किसी भी परिस्थिति में किसी भी प्रकार का कोई अग्रिम भुगतान नही किया जा सकेगा।

3.25 वि0वि0 के कार्य के लिए वाहन बाहर ले जाते समय यदि कोई टोल टैक्स, पार्किंग शुल्क, परमिट शुल्क आदि का भुगतान किया जाता है तो भुगतान की रसीद, मूलतः मासिक देयक के साथ प्रस्तुत करने पर वास्तविक व्यय की पूर्ति की जावेगी।

3.26 वि0वि0 द्वारा अपने क्षेत्राधिकार/ क्षेत्राधिकार के अतिरिक्त कही भी, कभी भी वाहनों की मॉग की जा सकती है। ऐजेंसी/ फर्म को उस स्थान में स्वीकृत दर पर वाहन उपलब्ध कराना होगा।

3.27 प्रदाय किए वाहन के माइलोमीटर की रीडिंग कार्यस्थल से प्रारंभ होकर कार्यस्थल पर ही समाप्त होगी। माइलोमीटर की रीडिंग की फोटो देयक के साथ लगाना अनिवार्य होगी।

3.28 निविदाकारों द्वारा दी गई वित्तीय दर समान होने पर समिति स्वविवेक से पैरामीटर/ प्रक्रिया निर्धारित कर सफल निविदाकर्ता के निर्धारण हेतु निर्णय लेने के लिए अधिकृत होगी। इस संबंध में किसी का दावा/आपत्ति मान्य नहीं होगी।

3.29 वाहन चालक निर्धारित वर्दी में होगा तथा वर्दी पर उसके नाम की पट्टी लगी होना चाहिए।

3.30 वाहन चालक के पास मोबाइल होना अनिवार्य है। इसका व्यय ऐजेंसी या वाहन चालक द्वारा वहन किया जावेगा, विश्वविद्यालय द्वारा देय नही है । प्रत्येक वाहन में स्टेपनी होना अनिवार्य है ।

3.31 निविदा की शर्तो में किसी प्रकार की छूट नही दी जावेगी ।

कुलसचिव
म.प्र. भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय
भोपाल



Scanned by CamScanner

3.32 वित्तीय निविदा में प्रदान की गई दरें विश्वविद्यालय मुख्यालय एवं क्षेत्रीय केंद्रों पर (आवश्यकतानुसार) लागू होगी।

3.33 निविदा प्रक्रिया के संबंध में किसी भी प्रकार की व्याख्या (Interpretation) का प्रश्न उपस्थित होने पर कुलपति,म0प्र0 भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय, भोपाल का निर्णय अंतिम होगा।

3.34 निविदा विषयक विवाद में Sole Arbitrator अंतिम निर्णय कुलपति,म0प्र0 भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय, भोपाल का निर्णय अंतिम होगा।

3.35 न्यायालयीन विवाद की स्थिति में क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय होगा।

3.36 निविदाकारों को वित्तीय निविदा **प्रपत्र – 6** में प्रस्तुत की जाना है ।

कुलसचिव
म.प्र. भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय
भोपाल



Scanned by CamScanner

# निविदा प्रपत्र – 1

## प्रमाणपत्र

प्रमाणित किया जाता है कि जमा करने से पूर्व –

अ) निविदा की कंडिका 2.7 अनुसार अभिलेखों के प्रत्येक पृष्ठ को फर्म की सील के साथ हस्ताक्षरित किया गया है। एक भी पृष्ठ बिना सील एवं हस्ताक्षर के जमा नही किया गया है।

ब) अभिलेखों पर पेज नं0 दर्ज किए गए है एवं निम्न तालिका के कॉलम–3 में दर्शाया गया है।

| 1 | 2 | 3 |
|---|---|---|
| क्र0 | विवरण | पेज नं0 |
| 01 | **निविदा प्रपत्र – 1** | 01 |
| 02 | **निविदा प्रपत्र – 2** | 02 |
| 03 | **शपथपत्र** :– निविदा की कंडिका 2.5 अनुसार **निविदा प्रपत्र – 3** रू0 100/– के स्टाम्प पेपर पर नोटरी द्वारा सत्यापित | 03 |
| 04 | **टर्नओवर** :– निविदा की कंडिका 2.2 अनुसार **निविदा प्रपत्र – 4** | 04 |
| 05 | **वाहन की जानकारी** :– निविदा की कंडिका 2.9 अनुसार **प्रपत्र – 5** | 05 |
| 06 | निविदा प्रपत्र का मूल्य रूपये 1000/– एवं प्रतिभूति राशि (EMD) रूपये 10,000/– का डीडी जमा (✓) | |
| 07 | निविदा की कंडिका 2.6 अनुसार<br>फर्म का इस कार्य का वैध **रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र** की छाया प्रति।<br>आयकर विभाग द्वारा जारी पेन/टेन **(PAN/TAN)** की छाया प्रति ।<br>जीएसटी **(GST)** पंजीयन की छाया प्रति ।<br>पिछले तीन जीएसटी रिटर्न की छाया प्रतियॉ । | |
| 08 | **इनकम टैक्स**:–निविदा की कंडिका 2.4 अनुसार | |
| 09 | **बेलेन्सशीट**:–निविदा की कंडिका 2.3 अनुसार | |
| 10 | **अनुभव**:–निविदा की कंडिका 2.1 अनुसार। | |

**फर्म के अधिकृत हस्ताक्षर एवं सील**

कुलसचिव
म.प्र. भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय



Scanned by CamScanner

# निविदा प्रपत्र – 2

प्रति,

कुलसचिव,
म0प्र0 भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय, भोपाल ।

विषयः– मालवाहक (ट्रॉसपोर्ट) सेवाओं के लिए खुली –निविदा – 2020 बाबत।
महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत निवेदन है कि हमारी संस्था की जानकारी निम्नानुसार हैः–

| क्र0 | विवरण | |
|---|---|---|
| 01 | फर्म का नाम | |
| 02 | फर्म का रजिस्ट्रेशन नं0 | |
| 03 | पत्र व्यवहार का पता | |
| 04 | फर्म के प्रतिनिधि का नाम | |
| 05 | पदनाम | |
| 06 | दूरभाष नम्बर | लेण्डलाईन :<br>मोबाईल : |
| 07 | ई–मेल | |
| 08 | पेन कार्ड नं0<br>जीएसटी नं0<br>टेन नं0 | |
| 09 | वार्षिक टर्नओवर | 1 वित्तीय वर्ष :<br>2 वित्तीय वर्ष :<br>3 वित्तीय वर्ष : |
| 10 | कुल अनुभव (वर्षो में) | |
| 11 | बैंक अकाउंट एवं आईएफसी कोड | |

## घोषणा पत्र

मेरे/हमारी संस्था द्वारा निविदा में दिए गए सभी नियम/ शर्तों का सावधानीपूर्वक अध्ययन कर लिया गया है एवं निविदा की शर्तों के अधीन म0प्र0 भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय के लिए मालवाहक (ट्रॉसपोर्ट) सेवा का कार्य पूर्णतः करने हेतु अपनी सहमति प्रदान करते हैं।

फर्म के अधिकृत हस्ताक्षर एवं सील

कुलसचिव
म.प्र. भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय
भोपाल



Scanned by CamScanner

## निविदा प्रपत्र – 3

**शपथ पत्र नोटरी से सत्यापित**
**रू0 100/–के स्टाम्प पेपर पर**

मैं.................................................... द्वारा प्रोपराईटर मेसर्स .......................................................

निम्नलिखित कथन शपथ लेकर कहता हूँ कि :–

(1) यह कि एजेंसी/ फर्म को किसी भी शासकीय संस्था/ उपक्रम से कभी भी ब्लैक लिस्टेड नहीं किया गया हैं।

(2) यह कि एजेंसी/ फर्म पर संबंधी कोई कानूनी विवाद न्यायालय में लम्बित नहीं हैं। सभी वाहन व्यवसायिक कोटे से पंजीकृत है एवं वाहनों के विरूद्ध किसी भी प्रकार की पुलिस अथवा अन्य प्रकरण की जॉच नही होनी चाहिए।

(3) यह कि फर्म पर किसी शासकीय संस्था/उपक्रम की देनदारी शेष नहीं हैं।

(4) यह कि निविदा में प्रस्तुत अथवा शपथ पत्र में पाई गई जानकारी असत्य पाये जाने पर मेरी निविदा को निरस्त करने का अधिकार म0प्र0 भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय, भोपाल को होगा।

**शपथग्रहिता**

**सत्यापन**

मैं उपरोक्त शपथग्रहिता सत्यापित करता हूँ कि मेरे द्वारा निष्पादित उक्त शपथ पत्र के बिन्दु (1) से (4) में वर्णित कथन मेरे निजी ज्ञान व विश्वास अनुसार पूर्ण सत्य हैं।

**शपथग्रहिता**

कुलसचिव
म.प्र. भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय
भोपाल



Scanned by CamScanner

**प्रपत्र – 4**

# प्रमाणपत्र

## (सी ए द्वारा सत्यापित)
## अंकेक्षित लेखों का सारांश

प्रमाणित किया जाता है कि मेसर्स.......................................................................................पता..... ..........................................................................................................के विगत तीन वर्षों के अंकेक्षित लेखों एवं आयकर विभाग को प्रस्तुत आयकर विवरणियों की जांच मेरे द्वारा की गई। अंकेक्षित लेखों के अनुसार निविदाकार का समान प्रकृति के कार्य अर्थात् मालवाहक (ट्रॉसपोर्ट) सेवाओं का आवर्त (टर्न ओवर) इस प्रकार है:–

| क्रमांक | वर्ष | राशि (शब्दों में) | राशि (अंको में) |
|---|---|---|---|
| 01 | | | |
| 02 | | | |
| 03 | | | |

**टीपः– शब्दों एवं अंकों में राशि का अंतर होने पर शब्दों की राशि को माना जावेगा ।**

उपर्युक्त आवर्त की गणनाएं मेरे द्वारा स्वयं जांची गई हैं। जिसे प्रशासन म0प्र0 भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय, भोपाल की निविदा शर्तों के अनुसार वांछित शर्त के रूप में प्रमाणित करता हूं।

स्थानः ..................................  चार्टेड लेखाकार के हस्ता0: ..........................................

दिनांकः ..................................  चार्टेड लेखाकार का नामः ..........................................

चार्टेड फर्म की पदमुद्राः ..........................................

**फर्म के अधिकृत हस्ताक्षर एवं सील**

कुलसचिव
म.प्र. भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय
भोपाल



Scanned by CamScanner

# प्रपत्र – 5

## (वाहनों की जानकारी)

| स0क्र0 | वाहन का प्रकार | ऐजेंसी/ फर्म में व्यावसायिक वाहन का पंजीयन कमांक | निर्मित वर्ष (मॉडल वर्ष) | वाहन का बीमा | ऐजेंसी/ फर्म के मालिक का नाम |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | | | | | |
| 02 | | | | | |
| 03 | | | | | |
| 04 | | | | | |
| 05 | | | | | |
| 06 | | | | | |
| 07 | | | | | |
| 08 | | | | | |
| 09 | | | | | |
| 10 | | | | | |

कुलसचिव
म.प्र. भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय
भोपाल



Scanned by CamScanner

# प्रपत्र – 6

## (वित्तीय निविदा)

प्रत्येक वाहन हुड सहित होना चाहिए
**दर रूपयों में**

| स0 क्र0 | वाहन का प्रकार | प्रति किमी दर | नाइट हाल्ट की दर |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 01 | 207 पिकप या समकक्ष | | |
| 02 | 14 फीट या समकक्ष | | |
| 03 | 19 फीट या समकक्ष | | |
| 04 | 24 फीट या समकक्ष | | |

विशेष – यात्रा का आशय सामग्री लेकर बतलाए गए गंतव्य स्थान पर पहुँचाने तक का है। किसी भी दशा में वापसी यात्रा देयक स्वीकार्य नहीं होगा ।

कुलसचिव
म.प्र. भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय
भोपाल



Scanned by CamScanner